सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

08.12.2017 पुनश्चः निगरानीकर्त्ता के अधिवक्ता एव निगरानीकर्ता स्वयं उपस्थित। गैरनिगरानीकर्ता संख्या 01 बिमलादेवी पुत्री स्व. दौलतराम पत्नि श्री सुल्तानराम स्वंय उपस्थित। गैरनिगरानीकर्ता सख्या 01 ने जबाब व शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि निगरानी में अंकित तथ्य अप्रार्थिया को स्वीकार है। दरअसल में गलतीवंश मुझ अप्रार्थी संख्या 1 के हक में गांव की गली,गुवाड की जगह का पट्टा जारी किया गया है जिसको निरस्त करने में अप्रार्थिया को कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि यह जनहित का मामला है तथा अप्रार्थीया पट्टा को निरस्त करने में सहमत है, जिससे गली गुवाड की जगह गांव के उपयोग में लायी जा सकें। लिहाजा जवाब व शपथ– पत्र पेश कर अर्ज है कि निगरानी स्वीकार की जाकर अप्रार्थी संख्या 01 के हक में जारी पट्टा दिनांक 20.04.2017 जो 38X55 फीट का बिना नम्बरी जारी किया गया है (मूल पट्टा अप्रार्थीया संख्या 01 द्वारा न्यायालय में स्वेच्छा से जमा करा देने से शामिल मिसल किया गया) को निरस्त फरमाया जावें।

पत्रावली का अवलोकन किया एवं बहस पर मनन किया तो उसमें वर्णित कारणों के मध्यनजर पाया कि गैरनिगरानीकर्ता सख्या 01 ने जबाब व शपथ में अंकित किया है कि गलतीवंश अप्रार्थी संख्या 1 के हक में गांव की गली,गुवाड की जगह का पट्टा जारी किया गया है जिसको निरस्त करने में अप्रार्थिया को कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह जनहित का मामला है तथा अप्रार्थीया पट्टा को निरस्त करने में सहमत है, जिससे गली गुवाड की जगह गांव के उपयोग में लायी जा सकें। अतः निगरानी स्वीकार की जाकर अप्रार्थीया सख्या 01 विमला देवी पत्नी सुल्तानराम निवासी ततारसर को ग्राम पंचायत ततारसर द्वारा संकल्प संख्या 08 दिनांक 20.04.2017 से जारी निगरानीधीन पट्टा संख्या 53 (बुक नम्बर 408) दिनाक 20.04.2017 साईज 55'X38' निरस्त किया जाता है। मूल पट्टा समर्पित कर देने से पत्रावली में सलंग्न कर दिया गया है। ग्राम पंचायत ततारसर को आदेशित किया जाता है कि वह उक्त पट्टे वाले सार्वजनिक भूखण्ड का निष्पादन कभी भी नहीं करें बल्कि इसका उपयोग सार्वजनिक हितार्थ सुरक्षित रहें। आदेश की प्रति सम्बन्धित ग्राम पंचायत को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया।

अति.जिला कलक्टर (प्रशासन)
श्रीगंगानगर

(शेष पृष्ठ पर)

अति.जिला कलक्टर (प्रशासन)
श्रीगंगानगर